गैर-परंपरागत संगठित अपराध: गैर-परंपरागत संगठित अपराध के अंतर्गत मनी लॉण्डरिंग, अर्थव्यवस्था में जाली नोट का वितरण, साइबर अपराध, हैकिंग, हवाला हस्तांतरण, मानव तथा वन्यजीवों की तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी इत्यादि को शामिल किया जाता है।

वर्तमान समय में संगठित अपराध के निम्नलिखित प्रकार प्रचलित हैं–

- मादक पदार्थ की तस्करी
- मानव एवं हथियारों की तस्करी
- स्वर्ण तस्करी
- जाली मुद्रा का वितरण
- अनुबंधित हत्या
- अपहरण एवं जबरन वसूली
- साइबर अपराध
- मनी लॉण्डरिंग तथा हवाला करोबार
- समुद्री डकैती
- अवैध व्यापार

संगठित अपराधियों द्वारा अपराध को अंजाम देने हेतु निम्नलिखित तरीके अपनाए जाते है–

- **मादक पदार्थों की तस्करी:** इसमें मादक पदार्थों की तस्करी करके अवैध तरीके से धन कमाया जाता है और फिर इसे मनी लॉण्डरिंग के ज़रिये वैध बनाया जाता है।
- **मानव तस्करी:** इसमें वेश्यावृत्ति के लिये औरतों की तस्करी तथा अन्य मानव तस्करी शामिल किया जाता है। इसकी प्रकृति राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही प्रकार की होती है।
- **हथियारों एवं विस्फोटक पदार्थों का अवैध व्यापार:** इसमें संगठित तरीके से हथियारों तथा विस्फोटक सामग्री की तस्करी की जाती है तथा धन कमाया जाता है।
- **जाली मुद्रा:** इसके तहत किसी देश की जाली मुद्रा छपवाकर उसे वैध बनाने की कोशिश की जाती है तथा बहुत से कार्य जाली मुद्रा चलाकर करवा लिये जाते हैं।

3 वामपंथी उग्रवाद : विकास और उग्रवाद के प्रसार के बीच संबंध (Left Wing Extremism : Linkages between Development and Spread of Extremism)

भूमिका (Introduction)

विकास को एक बहुपक्षीय विषय के रूप में देखा जा सकता है। इसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर, समाज में महिलाओं की स्थिति, पोषण तथा आवास की उपलब्धता, वस्तुओं और सेवाओं तक लोगों की पहुँच आदि को शामिल किया जा सकता है।

भारत के अनेक राज्यों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास में असमानताएँ हैं। विभिन्न राज्यों में गरीबी, भुखमरी, आवास संबंधी समस्याएँ व्याप्त हैं। इसके साथ ही बेकारी अथवा बेरोज़गारी भी प्रमुख समस्या है। जनसंख्या में निरंतर वृद्धि के कारण मांग एवं आपूर्ति में अंतर ने समस्या को और अधिक बढ़ा दिया है।

विकास के लाभों का असमान वितरण वंचना के एक ऐसे सापेक्षिक भाव को जन्म देता है जो वंचित एवं बहिष्कृत वर्गों में व्यवस्था की विश्वसनीयता को धूमिल कर देता है। सामान्यत: कोई भी व्यक्ति या समुदाय किसी व्यवस्था से अपनापन तभी महसूस करता है जब उसे इस बात का विश्वास हो कि उसकी बुनियादी आवश्यकताओं, उसके मौलिक अधिकार, उसकी सभ्यता व संस्कृति के प्रति सरकार संवेदनशील है। सामाजिक-आर्थिक न्याय के प्रति शासन की संवेदनशीलता इसकी कसौटी है।

1990 के दशक में नई आर्थिक नीति को अपनाए जाने के बाद भारत ने उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। लेकिन व्यवस्था में विभिन्न स्तर पर बिचौलियों की उपस्थिति, मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति तथा आधारभूत स्तर (ग्राम स्तर) पर विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों तथा पिछड़े क्षेत्रों में आम जनता के शोषण के कई साधनों (जैसे साहूकारी प्रथा आदि) के विद्यमान होने से लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सका है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विकास समावेशी नहीं रहा है। अत: बेरोज़गारी एवं असमान विकास से उपजे सामाजिक-आर्थिक असंतुलन से अलगाववाद के पक्षधर लोगों को बढ़ावा मिला है और यह उग्रवाद के रूप में सामने आया है। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में वे व्यक्ति या समूह जो लोकतंत्र की जगह एक ऐसी व्यवस्था के पक्षधर हैं जो संवैधानिक व्यवस्थाओं को महत्त्व न देते हुए हिंसक गतिविधियों का उपयोग कर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहते हैं, उग्रवादी के नाम से जाने जाते हैं और उनकी इस विचारधारा को ही उग्रवाद कहा जाता है।

वामपंथी उग्रवाद की सैद्धांतिक पृष्ठभूमि (Theoretical Background of Left Wing Extremism)

वापमंथी विचारधारा को सामान्य तौर पर साम्यवाद/मार्क्सवाद भी कहा जाता है। वामपंथी विचारधाराओं की यह मान्यता रही है कि पूंजीवादी बुर्जुआ समाज में सभी विद्यमान सामाजिक संबंध और राज्य की संरचना स्वाभाविक रूप से बुर्जुआ वर्ग का समर्थन कर शोषण को बढ़ावा देते हैं और इस शोषण को समाप्त करने के लिये हिंसात्मक तरीकों से क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है। मार्क्सवाद के समर्थक पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त करने हेतु हिंसक वर्ग-संघर्ष को अनिवार्य मानते हैं।

माओवाद चीन के क्रांतिकारी नेता माओ त्सेतुंग द्वारा साम्यवाद का 'माओवाद' नामक एक रूप विकसित किया गया था। यह सशस्त्र विद्रोह, जन संगठन तथा रणनीतिक गठबंधनों के माध्यम से राज्य की सत्ता को हथियाने का एक सिद्धांत है। माओवादी अपने विद्रोह के सिद्धांत के अन्य संघटकों का प्रयोग राज्य संस्थाओं के विरुद्ध दुष्प्रचार और गलत सूचनाओं के प्रसार के लिये करते हैं। इस प्रक्रिया को माओवादी 'लंबा जनयुद्ध' कहते हैं। माओवाद राजनीतिक रूप से शोषक वर्ग और सरकारी संरचना के खिलाफ बहुसंख्यक लोगों के क्रांतिकारी संघर्ष पर ज़ोर देता है। इसके सैन्य योजनाकारों ने गुरिल्ला युद्ध नीति को अपनाया है जो ग्रामीण क्षेत्रों की ओर से शहरों को घेरने पर केंद्रित है। इसके साथ ही समाज के निम्न वर्गों के लोगों को हिस्सा बनाकर राजनीतिक परिवर्तन पर बल दिया जाता है। माओवादियों का मुख्य नारा है "राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से निकलती है।" ये गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाते हुए ग्रामीण आबादियों से बड़ी संख्या में समर्थकों को एकत्र करते हैं।

भारत में सबसे बड़ा और सबसे हिंसक माओवादी संगठन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) है। CPI (माओवादी) का गठन 21, सितंबर 2004 की दो सबसे बड़े माओवादी गुटों-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) पीपुल्स वार या पीपल्स वार ग्रुप तथा माओइस्ट कम्युनिस्ट सेंटर ऑफ इंडिया (MCCI) के मिलने से हुआ है।

भारतीय सीमा क्षेत्रों में सक्रिय हिंसा पर आधारित राजनीतिक जन आंदोलन से पृथक् नक्सलवादी भारतीय संघ से अलग होकर स्वायत्त राज्य की स्थापना नहीं चाहते हैं। उनका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के द्वारा राजनीतिक सत्ता पर अधिकार स्थापित करना है।

4 साइबर सुरक्षा एवं संबंधित मुद्दे
(Cyber Security and Related Issues)

भूमिका (Introduction)

संचार तकनीक को किसी देश की अवसंरचना का महत्त्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। हाल के वर्षों में बेहतर क्षमता वाले शक्तिशाली कंप्यूटरों, वायरलेस नेटवर्क तकनीक और इंटरनेट के व्यापक इस्तेमाल ने संचार तंत्र नेटवर्कों को काफी हद तक बदल दिया है। संचार नेटवर्क के उपकरणों में पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ोतरी हुई है और इसमें तार वाले एवं बिना तार वाले दोनों प्रकार के उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों के उपयोगकर्त्ताओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उपयोगकर्त्ताओं के बीच लगातार संपर्क का दायरा बढ़ते जाने से इंटरनेट आधारित साइबर स्पेस में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है। भारत की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति 2013 के अनुसार, "साइबर स्पेस लोगों, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के बीच अंत: क्रियाओं का एक जटिल परिवेश है जिसे सूचना और संचार प्रौद्योगिकी युक्तियों और नेटवर्कों के विश्वव्यापी वितरण में समर्थन मिलता है।"

वर्तमान में साइबर स्पेस से जुड़े हमलों और खतरों का जोखिम ज़्यादा है, जिसमें कोई भी दुश्मन देश अथवा आतंकवादी संगठन सूचना प्रौद्योगिकी नेटवर्कों और सूचना भंडारों पर हमला कर या इन्हें हैक कर सूचनाएँ चुराने एवं आधारभूत ढाँचे को नुकसान पहुँचाने का कार्य कर सकता है। वर्तमान में किसी भी देश की कंप्यूटर आधारित प्रणाली आपस में तथा अन्य तंत्रों से जुड़ी रहती है, जो उपर्युक्त प्रकार के हमलों के लिये अति संवेदनशील है।

संचार नेटवर्क और आंतरिक सुरक्षा के समक्ष चुनौतियाँ (Communication Networks and Challenges to Internal Security)

संचार नेटवर्क को मुख्यत: दो प्रकार का खतरा होता है–

1. **भौतिक खतरा:** भौतिक खतरे में संचार नेटवर्क के तारों को काट देना या विस्फोट से उड़ा देना, मोबाइल टावरों को नष्ट कर देना आदि को सम्मिलित किया जा सकता है। इन्हें भौतिक सुरक्षा बढ़ाकर रोका जा सकता है।
2. **साइबर खतरा:** इसमें नेटवर्क में किसी प्रकार का हमला करना या नुकसान पहुँचाने का प्रयास करना आदि आते हैं। इसके अंतर्गत कई तरह से हानि पहुँचाई जा सकती है, जो इस प्रकार है–
   - देश की आंतरिक सुरक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर उसकी सूचनाओं की प्रामाणिकता बदल देना।
   - अनधिकृत व्यक्तियों के पास गोपनीय जानकारियाँ पहुँचने का खतरा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरनाक होता है।
   - महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों या व्यक्तियों की संचार प्रणाली में उपलब्ध आँकड़ों में परिवर्तन करना या उन्हें हटा देना, जिससे कार्य बाधित हो।
   - गलत पहुँच के कारण संचार नेटवर्क को भौतिक नुकसान पहुँचाकर और लोगों को प्रत्यक्ष क्षति पहुँचाकर समस्याएँ उत्पन्न करना।

आज सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सभी विभाग और स्थान, इंटरनेट एवं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ चुके हैं। इसका फायदा उठाकर असामाजिक तथा अराजक तत्त्व महत्त्वपूर्ण स्थानों पर साइबर हमले कर राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगा सकते हैं। इसी वजह से हाल के वर्षों में साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

साइबर खतरे *(Cyber Threats)*

किसी व्यक्ति संचार नेटवर्क के माध्यम से एक ई-मेल को हैक करने से लेकर राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों को साइबर खतरों के अंतर्गत रखा जाता है। इसे मुख्यत: निम्नलिखित वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–

- व्यक्तियों, कंपनियों इत्यादि के विरुद्ध साइबर जासूसी, साइबर अपराध।
- राज्य के विरुद्ध साइबर युद्ध।
- साइबर आतंकवाद।

साइबर अपराध/साइबर हमले *(Cyber Crime/ Cyber Attacks)*

एक व्यक्ति या संगठित समूह द्वारा साइबर स्पेस, जैसे- कंप्यूटर, इंटरनेट, तकनीकी उपकरणों सेलफोन इत्यादि का प्रयोग कर अपराध करना साइबर अपराध या साइबर हमला कहलाता है। साइबर हमला किसी व्यक्ति या पूरे संगठन द्वारा नियोजित की गई किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि है जो लक्षित कंप्यूटर नेटवर्क या तंत्र को हानि पहुँचाने या नष्ट करने के उद्देश्य से कंप्यूटर सूचना प्रणालियों, अवसंरचनाओं तथा कंप्यूटर नेटवर्क को लक्ष्य बनाती है।

साइबर हमलों को अंजाम देना काफी आसान होता है। इसके लिये बस एक कंप्यूटर एवं इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है, जबकि इनका पता लगाना बहुत ही मुश्किल है। अगर कोई हमलावर कोई

5 आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों में मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका (Role of Media and Social Media in Internal Security Challenges)

मीडिया (Media)

संचार के ऐसे माध्यम/साधन जिनका प्रयोग कर बहुत बड़े जनसमुदाय तक विचारों, भावनाओं, सूचनाओं, समाचारों, संदेशों, मनोरंजनों इत्यादि को संप्रेषित किया जाता है, उन्हें जनसंचार माध्यम या मीडिया कहते हैं। मीडिया शब्द 'मिडियम' शब्द से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ होता है- माध्यम। मीडिया अपने आप में एक व्यापक शब्द है। मास मीडिया का अर्थ वैसे संचार उपकरणों से है, जिनका उपयोग विभिन्न भाषाओं में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने और बातचीत करने के लिये किया जाता है। मीडिया अर्थात् जनसंचार माध्यम को व्यापक रूप से निम्नलिखित तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

- मुद्रण माध्यम/प्रिंट मीडिया, जैसे- समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, किताबें और ब्रोशर, बिलबोर्ड, पैम्फलेट, पोस्टर, जनरल इत्यादि।
- इलेक्ट्रॉनिक माध्यम/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे- रेडियो, टेलीविज़न, सिनेमा इत्यादि।
- नव इलेक्ट्रॉनिक माध्यम/आधुनिक मीडिया, जैसे- इंटरनेट, मोबाइल फोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकें, सोशल नेटवर्किंग साइट्स इत्यादि।

वर्तमान समय में मीडिया से किसी-न-किसी रूप में जुड़े रहना आधुनिक मानव की आवश्यकता बनती जा रही है। मोबाइल, टेलीविज़न, इंटरनेट इत्यादि में से किसी-न-किसी माध्यम से व्यक्ति हर समय जुड़ा रहना चाहता है। इसका समाज और व्यक्तियों पर विशेष प्रभाव पड़ा है। यह सूचना, संचार, शिक्षा, जानकारी के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाने के साथ-साथ जनमानस की सोच में बदलाव लाने का कार्य भी करता है। वर्तमान परिदृश्य में समाचार-पत्र, पत्रिकाओं के अलावा रेडियो, टेलीविज़न, इंटरनेट आदि भी इसमें शामिल हैं। इंटरनेट को मीडिया का सबसे शक्तिशाली हथियार माना जा सकता है।

मीडिया देश का एक सजग प्रहरी है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर नज़र रखता है तथा निष्पक्ष भाव रखते हुए इनकी खामियों को उजागर करता है। कई बार मीडिया सत्ता संघर्ष का साधन बन जाता है; तब वह तटस्थ नहीं होता तथा उसकी नैतिकता भी निरपेक्ष नहीं होती, जैसे- वर्तमान समय से फेसबुक को लेकर उठा विवाद, जहाँ इस पर सत्ताधारी पार्टी के हितों को साधने का आरोप लगाया जा रहा है।

भारत में मीडिया की सकारात्मक भूमिका (Positive Role of Media in India)

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहाँ मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। जिसके माध्यम से जनसमुदाय लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। यह भारत जैसे विशाल तथा विविधतापूर्ण देश हेतु और भी अधिक आवश्यक है जहाँ सभी जनसमुदाय के साथ लोकतांत्रिक सरकार द्वारा सीधा संपर्क स्थापित करना अत्यंत मुश्किल है। ऐसे में मीडिया जनसमुदाय की आकांक्षाओं, विभिन्न प्रकार की मांगों एवं हितों से शासन-प्रशासन को अवगत करवाने का काम करता है। यह नागरिकों को उत्तरदायी बनाने और उद्देश्यपूर्ण विकल्पों का चुनाव करने, शासन-प्रशासन के अधिकारियों द्वारा उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने, संघर्ष समाधान के उपाय प्रस्तुत करने तथा विविध प्रकार के विचारों को प्रोत्साहित करने में सहायता प्रदान करता है। सूचनाओं की उपलब्धता तथा पहुँच ने भारतीय मीडिया को 'वाचडॉग' की भूमिका निभाने की अनुमति दी है, जो शासन-प्रशासन को अपने सभी उत्तरदायित्वों एवं गतिविधियों के निष्पादन हेतु ज़िम्मेदार बनाती है और लोगों के लिये अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम प्रदान करती है। अत: भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मीडिया की भूमिका को निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझ सकते हैं-

- स्वस्थ एवं सहभागी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का प्रसार करना।
- राजनीतिक दलों, शासन-प्रशासन के कार्यों, सरकार के निर्णयों के संदर्भ में जनमत तैयार करना।
- संवैधानिक प्रावधानों के सम्मान तथा कठोर आत्म-नियमन के साथ निष्पक्ष रिपोर्टिंग करना।
- विभिन्न प्रकार के सुरक्षा खतरों और चुनौतियों, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ एवं तटस्थ रूप से लोगों को शिक्षित तथा सूचित करना।
- समाज में विद्यमान समस्याओं, को उजागर कर उनकी समाप्ति करने हेतु उपयुक्त तंत्र तैयार करने के लिये सरकार पर दबाव बनाना।
- जनता की राय को प्रभावित करना, लोकतंत्र को बढ़ावा देना, लोगों की ओर उन्मुख विकास नीतियों के निर्माण तथा ऐसी नीतियों को समर्थन प्रदान करना।

6 धन शोधन एवं इसकी रोकथाम
(Money Laundering and its Prevention)

धन शोधन (Money Laundering)

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के अनुसार, "धन शोधन आपराधिक गतिविधियों से उत्पन्न अवैध प्राप्तियों को छुपाने की प्रक्रिया है।" धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अनुसार, "जो भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपराध से हुई आय से संबंद्ध किसी भी प्रक्रिया या गतिविधि एवं उसके निष्कलंक परिसंपत्ति के रूप में प्रस्तुत करने में संलिप्त होने का प्रयास करता है या जानबूझकर सहयोग करता है या जानबूझकर भागीदारी करता है या वास्तव में संलिप्त होता है, वह धन शोधन के अपराध का दोषी होगा।" अर्थात् बहुत सारी आपराधिक गतिविधियाँ ऐसी होती हैं जिनके माध्यम से कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह गैर-कानूनी तरीके से बड़ी मात्रा में धन अर्जित करता है, धन शोधन वह प्रक्रिया है जिससे ये अपराधी मूल रूप से अवैध तरीके से कमाए धन को वैध बनाते हैं।

धन शोधन (Money laundering) आर्थिक प्रकृति के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा अवैध आय को वैध बनाकर दिखाया जाता है। इस प्रकार यह अवैध रूप से प्राप्त धन के स्रोतों को छिपाने की प्रक्रिया है। पेरिस स्थित वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF) ने धन शोधन को ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है जिसके अंतर्गत अपराध से प्राप्त प्राप्तियों को छिपाकर वैध व्यापार लेन-देनों के माध्यम से मूल्यांतरण द्वारा उनके अवैध स्रोतों को वैध किये जाने का प्रयास किया जाता है। सरल शब्दों में, व्यापार आधारित धन शोधन (TBML) व्यापारिक लेन-देनों के माध्यम से धन को अंतरित करने अथवा स्थान बदली करने की प्रक्रिया है। व्यवहार में, इसे आयातों या निर्यातों के मूल्य, मात्रा या गुणवत्ता के मिथ्या निरूपण से प्राप्त किया जा सकता है।



अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त तस्करी और अन्य संगठित अपराध, जिनमें नशीले पदार्थों की बिक्री और बड़े पैमाने पर वेश्यावृत्ति भी शामिल है, के माध्यम से काफी मात्रा में धन का सृजन किया जाता है। गबन, शेयरों द्वारा धोखाधड़ी से भी भारी मात्रा में धन का सृजन होता है और धन शोधन से कमाए धन को 'वैध' करने का फर्जीवाड़ा किया जाता है। इस प्रकार सृजित धन को दूषित धन/काला धन कहते हैं। धन शोधन, अपराधों में संलिप्त होकर धन कमाने की प्रक्रिया है, जिसमें दूषित धन/काले धन को वैध बनाने की कोशिश की जाती है।

धन शोधन के कारण
(Causes of Money Laundering)

भ्रष्टाचार, गबन, इनसाइडर ट्रेडिंग, रिश्वतखोरी तथा साइबर धोखाधड़ी के द्वारा भी बड़ी मात्रा में अवैध धन अर्जित किया जाता है, ऐसी अवैध गतिविधियों से उत्पन्न धन को 'काला धन' या अवैध धन कहा जाता है तथा इसे वैध (शुद्ध) बनाने की आवश्यकता होती है। अपराधियों द्वारा इन्हें वित्तीय संस्थाओं में जमा करने के लिये मार्ग की आवश्यकता होती है परंतु यह तभी संभव हो पाता है जब धन वैध स्रोतों से आया प्रतीत हो। अत: इस धन का शोधन कर वैध स्रोतों से आया बताकर उसे वित्तीय संस्थानों में जमा कराया जाता है तथा ज़ब्त किये जाने या दंडित किये जाने के भय से मुक्त हो इसका उपयोग किया जाता है।

वैसे तो धन शोधन के अनेक तरीके हैं लेकिन वित्तीय संस्थानों के दुरुपयोग, सीमा पर बड़ी मात्रा में नकदी के अवैध लेन-देन और व्यापारिक वस्तुओं के माध्यम से इसे प्रमुखता से अंजाम दिया जाता है। धन शोधन के मामले में भारत बहुत संवेदनशील देश समझा जाता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल स्ट्रैटजी रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक क्षेत्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसकी औपचारिक सीमाओं से इस धन का आवागमन होता है। भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी, संकटापन्न वन्य-जीवों का अवैध व्यापार, हीरों का अवैध व्यापार, भ्रष्टाचार, आयकर की चोरी आदि मामले में धन शोधन का काम होता है। गोल्डन ट्रायंगल (स्वर्णिम त्रिभुज) तथा गोल्डन क्रीसेंट (स्वर्णिम चाप) के बीच भारत की अवस्थिति के कारण इसका प्रयोग नशीले सामानों की तस्करी में एक मध्यवर्ती देश के रूप में होता है।

धन शोधन की प्रक्रिया
(Process of Money Laundering)

परंपरागत रूप से धन शोधन की प्रक्रिया प्राय: तीन चरणों में पूरी होती है–

1. **नियोजन चरण (Placement Stage):** इस चरण में कुछ माध्यमों से अशुद्ध धन को वित्तीय प्रणाली में प्रविष्ट कराया जाता है। इस विधि का प्रयोग काले धन को वैध बनाए जाने के संदेह को खत्म

7 सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियाँ एवं उनका प्रबंधन (Security Challenges and their Management in Border Areas)

भूमिका (Introduction)

दक्षिण एशिया में भारत की अवस्थिति केंद्रीय है। यह दक्षिण एशिया के लगभग सभी देशों के साथ अपनी सीमाएँ साझा करता है। इसके अलावा भारत की हिंद महासागर से लगी एक लंबी समुद्री सीमा भी है। गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 के अनुसार भारत की भू-सीमा 15,106.7 किमी. और द्वीप क्षेत्रों सहित तटरेखा 7,516.6 किमी. लंबी है। इस प्रकार एक लंबी सीमा रेखा होने के कारण सीमाओं का प्रबंधन भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण विषय बन जाता है। मज़बूत सीमा प्रबंधन न केवल राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय सुरक्षा बल्कि देश के आर्थिक विकास के लिये भी आवश्यक है। सीमाओं का उचित प्रबंधन न केवल सीमापारीय अवैधानिक गतिविधियों, जैसे- मानव तस्करी, मादक द्रव्य, हथियार तथा रेडियोधर्मी पदार्थों की तस्करी को रोकने या कम करने में सहायता करता है, बल्कि व्यापार सुविधा तथा लोगों की वैध आवाजाही को भी सुगम बनाता है। भारत की सीमाएँ सात देशों, यथा–बांग्लादेश (4,096.7 किमी.), चीन (3,488.0 किमी.), पाकिस्तान (3,323.0 किमी.), नेपाल (1,751.0 किमी.), म्यांमार (1,643.0 किमी.), भूटान (699.0 किमी.) तथा अफगानिस्तान (106.0 किमी.) से मिलती हैं। चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा विवाद का होना तथा कुछ अन्य देशों के साथ खुली सीमाएँ होने के कारण एक प्रभावी एवं कुशल सीमा प्रबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसलिये भारत सरकार ने सीमा प्रबंधन हेतु बहुपक्षीय रणनीति अपनाई है तथा तद्नुसार उपाय भी किये हैं।



[**नोट:** वर्तमान में जम्मू एवं कश्मीर राज्य का पुनर्गठन- (जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख), दो केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में कर दिया गया है।]

सीमा प्रबंधन के उद्देश्य (Objectives of Border Management)

- सीमा प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य देश-विरोधी तत्त्वों से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना और ऐसी प्रणालियों की व्यवस्था करना है, जो विधिसम्मत व्यापार और वाणिज्य को सुकर (आसान) बनाते हुए राष्ट्र-विरोधी तत्त्वों को रोकने में सक्षम हो।
- इसके अतिरिक्त इसके अन्य उद्देश्यों में सीमाओं को सुरक्षित रखने हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों में अवसंरचना का सृजन करना जैसे-सीमाओं पर बाड़ लगाना, तेज़ रोशनी की व्यवस्था करना, सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करना, देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के विभिन्न स्थानों पर एकीकृत जाँच चौकियों (आईसीपी) का विकास करना और तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उपाय इत्यादि शामिल हैं।
- सीमाओं की भौगोलिक स्थलाकृति तथा संभावित खतरे की प्रभावशीलता को देखते हुए सुरक्षा बलों की तैनाती करना भी इसका एक प्रमुख उद्देश्य है जिससे देश की सीमाएँ सुरक्षित रहें तथा देश में आंतरिक सुरक्षा के साथ व्यापार-वाणिज्य एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। इस संदर्भ में देखा जाए तो सीमाओं पर बलों (Forces) की तैनाती 'एक सीमा, एक सीमा-रक्षक बल' (बीजीएफ) के सिद्धांत को अपनाते हुए की गई है। इसके तहत प्रत्येक सीमा की ज़िम्मेदारी निम्नानुसार एक विशेष सीमा रक्षक बल को सौंपी गई है-
  - बांग्लादेश तथा पाकिस्तान सीमाएँ: सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.)
  - चीन सीमा: भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी.)
  - नेपाल तथा भूटान सीमाएँ: सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी.)
  - म्यांमार सीमा: असम राइफल्स
  - इसके अतिरिक्त भारतीय सेना बीएसएफ के साथ पाकिस्तान सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) तथा आईटीबीपी के साथ चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगी भू-सीमाओं की रक्षा करती है।
  - भारतीय नौसेना समग्र समुद्री सुरक्षा के लिये ज़िम्मेवार है जिसमें तटीय और अपतटीय सुरक्षा शामिल है। भारतीय तट रक्षक बल को तटीय पुलिस द्वारा गश्त लगाए जाने वाले क्षेत्रों सहित भारत के सीमांतर्गत जलक्षेत्र में तटीय सुरक्षा के लिये ज़िम्मेवार प्राधिकरण के रूप में नामोद्दिष्ट किया गया है।
- सीमा प्रबंधन संबंधी दृष्टिकोण तथा पद्धतियाँ एक सीमा से दूसरी सीमा के लिये अलग-अलग रूप में अपनाई गई हैं, जो सुरक्षा संबंधी धारणाओं (Security perceptions) तथा पड़ोसी देश के साथ संबंध पर आधारित हैं।

8 विभिन्न सुरक्षा बल और संस्थाएँ तथा उनके अधिदेश
(Various Security Forces & Agencies and their Mandates)

भूमिका (Introduction)

देश की संप्रभुता की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ-साथ एजेंसियों पर भी है। इनमें सशस्त्र सेनाओं के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बल, विभिन्न केंद्रीय पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियाँ शामिल हैं। ये बल राज्यों के सुरक्षा बलों तथा पुलिस के साथ मिलकर आंतरिक सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने में मदद करते हैं। इनमें से कुछ बलों एवं एजेंसियों का वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (Central Armed Police Forces – CAPFs)

भारत का गृह मंत्रालय राज्य सरकारों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का समर्थन प्रदान कर लोक व्यवस्था बनाए रखने में सहायता प्रदान करता है। चूँकि, भारतीय संविधान के तहत पुलिस एवं लोक व्यवस्था को राज्य सूची के अंतर्गत रखा गया है तथा राज्य सरकार राज्य में शांति स्थापना और लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु इनका प्रयोग करती है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अंतर्गत कुल सात पुलिस बलों को सम्मिलित किया जाता है–

- असम राइफल्स (AR)
- सीमा सुरक्षा बल (BSF)
- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)
- केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)
- राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (NSG)
- सशस्त्र सीमा बल (SSB)

गृह मंत्रालय के अधीन पाँच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल अर्थात् सीमा सुरक्षा बल (BSF), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), सशस्त्र सीमा बल (SSB) तथा एक केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल (CPMF) नामत: असम राइफल्स (AR) हैं। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) को लोक व्यवस्था बनाए रखने, आंतरिक सुरक्षा एवं विद्रोह-रोधी मामलों में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासकों के अधीन सिविल प्रशासन में सहायता हेतु तैनात किया जाता है। जबकि NSG की स्थापना विशेष आतंकवाद-रोधी दस्ते के रूप में की गई थी।

त्वरित कार्रवाई बल (RAF) तथा दृढ़ता से कार्रवाई करने के लिये कमांडो बटालियन (कोबरा), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) के विशिष्ट विंग हैं जो क्रमश: दंगों और वामपंथी उग्रवाद/विद्रोह से निपटते हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs), जैसे- हवाई अड्डों, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, अंतरिक्ष संगठनों, औद्योगिक इकाइयों, महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय संग्रहालयों तथा दिल्ली में स्थित सरकारी भवनों एवं अन्य महत्त्वपूर्ण संवेदनशील संगठनों सहित राष्ट्रीय रणनीतिक महत्त्व वाले महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करता है।

इनके अतिरिक्त, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (NSG) आतंकवाद का मुकाबला करने और विमान अपहरण-रोधी अभियानों के लिये प्रशिक्षित एक विशेषज्ञता प्राप्त प्रहारक बल है। इसे अधिक जोखिम वाले अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा का कार्य भी सौंपा जाता है और यह घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिये स्काई मार्शल के रूप में भी कार्य करता है।

सशस्त्र सीमा बल *(Sashastra Seema Bal–SSB)*

वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद 'विशेष सेवा ब्यूरो' का गठन मार्च, 1963 में सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों में सुरक्षा की भावना विकसित करने, सीमा पार अपराध, अनाधिकृत प्रवेश व निकासी तथा गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिये मौजूदा सशस्त्र सीमा बल के पूर्ववर्ती बल के रूप में किया गया था।

15 जनवरी, 2001 में गृह मंत्रालय के अधीन यह बल सीमा चौकसी बल के रूप में घोषित किया गया और 15 दिसंबर, 2003 में इसका नाम परिवर्तित कर 'सशस्त्र सीमा बल' रखा गया। इसे भारत-नेपाल तथा भारत-भूटान सीमा पर चौकसी की ज़िम्मेदारी दी गई है। इसकी तैनाती 1751 किमी. लंबे क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा और 699 किमी. लंबी भारत-भूटान सीमा पर की गई है।

यह बल भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की चौकसी के साथ ही आंतरिक सुरक्षा एवं विद्रोह-रोधी अभियानों से संबंधित कर्त्तव्यों का भी निर्वहन करता है। इसके कार्मिकों की तैनाती जम्मू एवं कश्मीर के विद्रोह प्रभावित क्षेत्रों और छत्तीसगढ़, झारखंड एवं बिहार के वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में भी की गई है।

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल *(Cenral Reserve Police Force-CRPF)*

Central Reserve Police Force
केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे बड़ा बल है। यह बल आरंभ में 27 जुलाई, 1939 को

CHAT NOW

दृष्टि The Vision

1800-121-6260 011-47532596 Login Register

एन.सी.ई.आर.टी. टेस्ट | कक्षा कार्यक्रम | डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम
टेस्ट सीरीज़ | करेंट अफेयर्स | दृष्टि मीडिया

तैयारी का वह हिस्सा जो किताबों से पूरा नहीं हो सकता, उसके लिये हम आपको आमंत्रित करते हैं

अपनी लोकप्रिय वेबसाइट पर

www.drishtiias.com/hindi

तैयारी की रणनीति	मेंस प्रैक्टिस प्रश्न	पी.सी.एस. परीक्षा की तैयारी
डेली न्यूज़ और एडिटोरियल (अंग्रेज़ी के प्रमुख समाचार पत्रों से)	राज्यसभा/लोकसभा टी.वी. डिबेट	पी.आर.एस. कैप्सूल्स
माइंड मैप	60 Steps to Prelims	टू द पॉइंट
फोरम	एन.सी.ई.आर.टी. टेस्ट	महत्त्वपूर्ण रिपोर्ट्स की जिस्ट
डेली करेंट टेस्ट (योजना, कुरुक्षेत्र सहित अन्य महत्त्वपूर्ण पत्रिकाओं के टेस्ट)	ब्लॉग	यू-ट्यूब चैनल

रोज़ाना एक घंटा इस वेबसाइट पर गुज़ारिये और प्रिलिम्स से इंटरव्यू तक की अपनी तैयारी को मज़बूत आधार प्रदान कीजिये।

For any query please contact:
87501 87501, 011-47532596

खंड 2

आपदा प्रबंधन

आपदा प्रबंधन
(Disaster Management)

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन परिदृश्य
(National Disaster Management Scenario)

भारत दक्षिण एशिया में स्थित एक ऐसा देश है जो अपने अंदर क्षेत्रीय विविधताओं को समेटे हुए है। इसकी भौगोलिक अवस्थिति विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न आपदाओं द्वारा एक जटिल स्थिति पैदा करती है। भारत का प्रायद्वीपीय भाग तीन समुद्रों-अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी से घिरा हुआ है, वहीं उत्तर में यह हिमालय की उच्च पहाड़ियों से जुड़ा है। भारत का अधिकांश हिस्सा उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहाँ मौसमी वर्षा होती है। इसकी जलवायु मानसून आधारित है। यह मुख्य रूप से कृषि आधारित देश है जहाँ एक बड़ी ग्रामीण आबादी कृषि पर निर्भर है।

यह दुनिया के सबसे अधिक आपदा प्रवण देशों में से एक है, जिसमें तूफान, भूकंप, भू-स्खलन, सुनामी, बाढ़ और सूखा जैसी विभिन्न आपदाएँ आती रहती हैं। यदि हम भारत के उत्तरी क्षेत्र को देखते हैं जिसमें मूल रूप से मध्य हिमालय और उप-हिमालय क्षेत्र जो भूकंप के लिये अधिक प्रवण है क्योंकि यह दो अभिसारी प्लेट सीमाओं के पास स्थित है, जो लगातार एक-दूसरे की ओर बढ़ रही हैं।

हिमालयी क्षेत्र में अत्यधिक पर्यटन, भूकंप, अत्यधिक बर्फ जमाव इत्यादि के कारण हिम-स्खलन, भू-स्खलन इत्यादि घटनाएँ घटित होती हैं। दक्षिण भारत के हिंद महासागर से जुड़े होने के कारण इसके तटीय क्षेत्रों में चक्रवात, तूफान, सुनामी इत्यादि की प्रबल संभावनाएँ रहती हैं।

भारतीय कृषि मानसून पर निर्भर है। मानसून भारतीय उपमहाद्वीप की अपनी अवस्थिति के कारण एक विशिष्ट विशेषता है। मानसून की अधिकता पर भारतीय नदियों में जल की अधिकता हो जाती है, जिससे बाढ़ जैसी आपदा जन्म लेती है। वहीं जब मानसून कमज़ोर होता है तो भारत में वर्षा कम होने की वजह से नदियों में जल की कमी हो जाती है तथा भारत में सूखे जैसी आपदा का जन्म होता है, जिससे, भारतीय कृषि की उत्पादकता कम हो जाती है और कृषक आत्महत्या जैसी घटनाएँ होती हैं।

भारत के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में अवस्थित होने के कारण गर्मियों में यहाँ का तापमान अधिक रहता है जिससे यहाँ हीट वेव की स्थिति रहती है, इस कारण भी हज़ारों लोगों की जान चली जाती है। भारत की भू-आकृतिक बनावट, उच्चावच इत्यादि के कारण भी वृष्टिछाया प्रदेश, रेगिस्तान इत्यादि का निर्माण हुआ है जो कि आपदा प्रवणता को बढ़ावा देते हैं। उपर्युक्त विवरणों से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि भारत अपनी अवस्थिति के कारण ही आपदाओं के प्रति प्रवण क्षेत्र हो जाता है।



तेज़ी से बदलते वक्त
और डिजिटल होती दुनिया के साथ
हम भी रख रहे हैं कदम,
पढ़ाई-लिखाई के ऑनलाइन संसार में

Drishti Learning App

पर आपका स्वागत है

GET IT ON Google Play

अपने एंड्रॉयड फोन पर आज ही इंस्टॉल करें

ऐप की विशेषताएँ

- टीम दृष्टि द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएँ एक ही मंच पर।
- ऑनलाइन, पेनड्राइव, टैबलेट मोड में कक्षाएँ उपलब्ध।
- प्रिलिम्स और मेन्स की टेस्ट सीरीज़ भी ऐप के माध्यम से उपलब्ध।
- सभी पुस्तकें, मैगजीन, डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम के नोट्स देखने व मंगवाने की सुविधा।
- दृष्टि की वेबसाइट पर उपलब्ध डेली करेंट अफेयर्स, न्यूज़, आर्टिकल्स, क्विज़ तथा कई अन्य सुविधाएँ।
- हमारे हिंदी और अंग्रेज़ी यूट्यूब चैनल्स के सभी वीडियो वर्गीकृत रूप में उपलब्ध।
- टॉपर्स की उत्तर-पुस्तिकाएँ, एनसीइआरटी प्रश्नोत्तरी, हज़ारों अभ्यास प्रश्नों की सुविधा।

ऑनलाइन कोर्स की विशेषताएँ

- घर बैठे देश के सर्वोत्कृष्ट अध्यापकों से पढ़ने की सुविधा।
- अब दिल्ली या किसी बड़े शहर जाकर पढ़ने की मजबूरी नहीं।
- IAS और PCS के कोर्स उपलब्ध।
- ऑनलाइन कोर्स करने के बाद, क्लासरूम कोर्स में प्रवेश लेने पर शुल्क में विशेष छूट।
- हर क्लास अपनी सुविधा से 3 बार देखने की सुविधा।
- उत्तर लिखकर चेक कराने तथा संदेह-समाधान की व्यवस्था भी शीघ्र उपलब्ध।
- कई विषयों के कोर्स ऑनलाइन, पेनड्राइव, एस.डी. कार्ड एवं टैबलेट मोड में भी उपलब्ध।

दृष्टि आई.ए.एस. (दिल्ली) :
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-09
☎ 87501 87501

दृष्टि आई.ए.एस. (प्रयागराज) :
ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज
☎ 87501 87501

दृष्टि पब्लिकेशन्स की प्रमुख पुस्तकें

प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़ की पुस्तकें

Quick Book सीरीज़ की पुस्तकें

641, Ist Floor, Dr. Mukherji Nagar, Delhi-9
Phone: 011-47532596, 87501 87501
Website: www.drishtiias.com
E-mail: booksteam@groupdrishti.com

ISBN 978-81-947225-1-9

मूल्य : ₹ 200